प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)

## पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण कानून पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

पंतनगर। 24 जुलाई 2023। प्रसार एवं शिक्षा निदेशालय, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर एवं पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से पौध किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण कानून विषय पर 'प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन 25 जुलाई 2023 को डा. रतन सिंह आडिटोरियम, पशुचिकित्सा महाविद्यालय में किया जायेगा। डा. त्रिलोचन महापात्रा, अध्यक्ष, पी.पी.वी.एफ.आर.ए., भारत सरकार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली, उत्तराखण्ड औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. परविन्दर कौशल विशिष्ठ अतिथि होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता पन्तनगर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान करेंगे।